# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 1753 / M-20 / 102 दिनांक 06/08/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :— ई–समाचार पत्र अमर उजाला, रायबरेली, दिनांक 02.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "पानी छोड़ते ही पाइपलाइन में रिसाव शुरू" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला, रायबरेली, दिनांक 02.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "पानी छोड़ते ही पाइपलाइन में रिसाव शुरू" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:—

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| जगतपुर क्षेत्र की तिवारीपुर ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई नई पाइपलाइन में रिसाव हो गया। शनिवार को पानी छोड़ते ही जगह–जगह रिसाव के कारण घरों तक स्वच्छ पानी नहीं पहुंच सका। इससे ग्रामीण को दूषित पानी पीना पड़ रहा है और पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी बने एक साल हो गया, लेकिन समस्या जस की तस है। तिवारीपुर ग्राम पंचायत के शिकंदरपुर और छीछेमऊ पुरवों की आबादी करीब एक हजार है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह पानी छोड़ा गया तो वह टोटियों की बजाय सड़कों और गलियों में बहने लगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–जगतपुर की ग्राम पंचायत तिवारीपुर में छीछेमऊ तिवारीपुर पेयजल योजना से जलापूर्ति की जाती है। उक्त योजना के अंतर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर, 17.30 कि0मी0 वितरण प्रणाली इत्यादि कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर, 13.09 कि0मी0 पाइपलाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। उक्त योजना में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही अवगत कराना है कि तिवारीपुर गांव में लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है।  |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित।

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# Raebareli News: पानी छोड़ते ही पाइपलाइन में रिसाव शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी, रायबरेली Updated Sun, 02 Aug 2026 12:58 AM IST



जगतपुर क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में पाइप लाइन लीकेज होने से सड़क किनारे बहता पानी।

रायबरेली। जगतपुर क्षेत्र की तिवारीपुर ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई नई पाइपलाइन में रिसाव हो गया। शनिवार को पानी छोड़ते ही जगह-जगह रिसाव के कारण घरों तक स्वच्छ पानी नहीं पहुंच सका।

इससे ग्रामीणों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है और पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी बने एक साल हो गया, लेकिन समस्या जस की तस है। तिवारीपुर ग्राम पंचायत के शिकंदरपुर और छीछेमऊ पुरवों की आबादी करीब एक हजार है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह पानी छोड़ा गया तो वह टोंटियों की बजाय सड़कों और गलियों में बहने लगा।

Scanned with OKEN Scanner